कोटद्वार, गुरूवार
2 जनवरी 2025
वर्षः 46
अंकः 235 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

### एक नजर

## पूरे दिन धार्मिक स्थलों पर लगी रही भीड़, लोगों ने की मंगल कामना

नई दिल्ली। नए साल 2025 का स्वागत राजधानी के लोगों ने पूरे उत्साह और धार्मिक भावना के साथ किया। उज्ज्वल भविष्य और सुख–समृद्धि की कामना के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों ने अपने धार्मिक स्थल मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना की। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से देर रात तक देखी गई। इंडिया गेट, लाल किला, पुराना किला, जंतर मंतर और चिड़ियाघर पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। नए साल के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों में लोगों का आना शुरू हो गया था। झंडेवाला मंदिर में माता के दर्शन के लिए हजारों भक्त उमड़े। कालकाजी और छतरपुर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कनॉट प्लेस और यमुना बाजार के हनुमान मंदिरों में भक्तों ने भगवान के समक्ष हाजिरी लगाई। चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर और आसफ अली रोड के श्रीराम हनुमान वाटिका मंदिर में दिनभर लंबी–लंबी कतारें लगी रहीं।

## जीएसटी वसूली में बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। मंत्रालय के मुताबिक घरेलू स्तर पर जीएसटी की वसूली में 8.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही जबकि आयात के मद में जीएसटी वसूली में 3.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गत दिसंबर में 22,490 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया। रिफंड के बाद दिसंबर में जीएसटी का शुद्ध राजस्व 1,54,366 करोड़ रुपए रहा जो दिसंबर 2023 के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2023 के दिसंबर में जीएसटी का शुद्ध राजस्व 1,49,409 करोड़ रुपए था। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024–25 के अप्रैल–दिसंबर में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी दहाई अंक में रही।

# 'नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित'

## मंत्रिमंडल बैठक में पीएम मोदी ने लिया फैसला



नई दिल्ली। नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को लेकर अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने डीएपी खाद पर सब्सिडी और फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को सौगात दी है। इन मामलों पर अब पीएम मोदी की ओर से प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'फसल बीमा योजना' के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फैसले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई–बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

## मंदिर–मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी, शीर्ष अदालत से की बड़ी मांग

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अकटकट) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 2 जनवरी को सुनवाई करेगा। याचिका में ओवैसी ने देश में पूजा स्थल कानून लागू करने की मांग की है। ओवैसी ने अधिवक्ता फुजैल अहमद अय्यूबी के माध्यम से 17 दिसंबर को याचिका दाखिल की।

**कानून को सख्ती से लागू करने की मांग**

ओवैसी ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार को कानून को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की है। ओवैसी के वकील ने हवाला दिया कि कई अदालतों ने हिंदू वादियों की याचिकाओं पर मस्जिदों का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। उधर, मुस्लिम पक्ष की दलीलों में सांप्रदायिक सौहार्द और मस्जिदों की मौजूदा स्थिति को बनाए रखने के लिए 1991 के पूजा स्थल कानून को लागू करने की मांग की गई है।

# कोहरे और धुंध ने बढ़ाई मुश्किलें, ठंड से एक मौत

देहरादून। दून में नए साल का स्वागत कड़ाके की ठंड से हुआ। दून में सुबह–शाम कोहरा और पाला दुश्वारी बढ़ा रहा है। साथ ही बादलों के मंडराने और हवाएं चलने से भी ठिठुरन बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में गुरुवार को मौसम शुष्क बना रह सकता है।

कहीं–कहीं आंशिक बादल छाये रहने के साथ ही कोहरा दुश्वारियां बढ़ा सकता है। पारा सामान्य के आसपास बना रह सकता है।

**नए साल के पहले दिन दून में धुंध**

नववर्ष के पहले दिन सुबह से दून में धुंध छाई रही और आसमान में बादल छाये रहे। इसके बाद दोपहर में जरूर आसमान साफ हो गया और धूप खिली, लेकिन सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बनी रही। अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहा, जबकि रात को पारा सामान्य से कुछ अधिक है।

इसके अलावा पर्वतीय क्षेत्रों और आसपास के निचले इलाकों में पाला गिरने से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सड़कों पर फिसलन होने से हादसों का खतरा बना हुआ है।

**पहाड़ों में पाला गिरने की चेतावनी**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, गुरुवार को प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम



शुष्क रहने का अनुमान है। देहरादून समेत अन्य मैदानी क्षेत्रों में सुबह कोहरा छाया रह सकता है। पहाड़ों में पाला गिरने की चेतावनी है। ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान सामान्य या उसके आसपास बना रह सकता है।

**शहर, अधिकतम, न्यूनतम**

देहरादून, 20.8, 9.2
ऊधमसिंह नगर, 14.0, 11.0
मुक्तेश्वर, 18.8, 4.5
नई टिहरी, 19.4,5.4

**केदारनाथ धाम में तैनात मंदिर समिति के कर्मचारी की ठंड से मौत**

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात मंदिर समिति के एक कर्मचारी की 30 दिसंबर की रात मौत हो गई। उसके शव को 31 दिसंबर को हेलीकाप्टर से ऊखीमठ लाया गया। यहां पहली जनवरी को उनका पैतृक घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मौत का कारण अत्यधिक ठंड होने से माना जा रहा है।

केदारनाथ मंदिर में तैनात गिरजा शंकर शुक्ला निवासी ग्राम सभा कुडजैठी, कालीमठ घाटी का 30 दिसंबर को रात में आकस्मिक निधन हो गया। पुलिस ने इसकी सूचना मंदिर समिति को दी। इसके बाद मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय कुमार थपलियाल ने शव को केदारनाथ से लाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा। इसमें कहा गया कि केदारनाथ धाम में अत्यधिक बर्फ पड़ने के कारण पैदल मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। इस कारण उनका पार्थिव शव मार्ग से गौरीकुंड लाना संभव नहीं है। पत्र में मृतक कर्मचारी का शव फाटा या गुप्तकाशी लाने के लिए हेलीकाप्टर की व्यवस्था करने का निवेदन किया गया था। इसके बाद 31 दिसंबर को शव गुप्तकाशी हेलीपैड पर लाया गया। यहां से शव उनके गांव पहुंचाया गया। शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# 'बांग्लादेश के बहुसंख्यक कर रहे भारत में घुसपैठ', असम के सीएम का दावा

गुवाहाटी। बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच वहां से कई लोग पलायन कर भारत आ रहे हैं। इस बीच असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि हाल के महीनों में बांग्लादेश से राज्य में आने वाले लोगों में से अधिकांश पड़ोसी देश के बहुसंख्यक समुदाय के हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि जो लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे हैं, वे मुस्लिम बहुल बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग के श्रमिक हैं, जो वहां संकट के बाद खराब स्थिति में हैं और वे उसी क्षेत्र में शामिल होने के लिए तमिलनाडु जाना चाहते हैं।

**बांग्लादेश में कपड़ा उद्योग ध्वस्त हो गया**



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो स्थिति है, उसके कारण वहां कपड़ा उद्योग ध्वस्त हो गया है। वहां बहुसंख्यक लेकिन हमारे देश में अल्पसंख्यक श्रमिक सीमा पार करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे तमिलनाडु में कपड़ा उद्योगों में जाने के लिए देश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं और इन उद्योगों के मालिक उन्हें सस्ते श्रम के लिए आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उस देश में हिंदू अल्पसंख्यक अब वहां अत्याचारों का सामना करने के बावजूद आने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, संभवतः इसलिए क्योंकि वे बहुत देशभक्त हैं।

## रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'सुधारों का वर्ष' किया घोषित

नई दिल्ली। साल 2025 की शुरुआत बुधवार से हो गई। नए साल के आगमन के साथ लोगों की कई उम्मीदें भी जुड़ गई हैं। इस बीच भारत ने इस साल को रक्षा सुधारों का वर्ष घोषित किया और कहा कि इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करने और सेना को तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल में बदलने के लिए एकीकृत थिएटर कमांड को शुरू करना होगा।

दरअसल, रक्षा मंत्रालय द्वारा नियोजित सुधारों का व्यापक उद्देश्य रक्षा अधिग्रहण प्रक्रियाओं को आसान और समय के प्रति संवेदनशील बनाना, प्रमुख हितधारकों के बीच गहन सहयोग सुनिश्चित करना, अक्षमताओं को खत्म करना और संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करना होगा।

### भारत को मिली बड़ी कामयाबी

# 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ, अमेरिका ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। भारत को 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में बड़ी सफलता मिली है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत में लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की अदालत ने अब प्रत्यर्पण पर मुहर लगा दी है। एफबीआई ने साल 2009 में राणा को शिकागो से दबोचा था।

**लॉस एंजिल्स जेल में बंद है राणा**

तहव्वुर राणा मौजूदा समय में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। 63 वर्षीय राणा ने लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी डेविड कोलमन हेडली को मदद पहुंचाई थी। हेडली मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड है। भारत उसके भी प्रत्यर्पण की मांग लंबे



समय से करता आ रहा है। अब भारत–अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को लाने का रास्ता साफ हो गया है।

**भारत ने पेश किए मजबूत साक्ष्य**

अदालत में भारत ने राणा के खिलाफ मजबूत साक्ष्यों को रखा। इसके बाद अमेरिका अदालत ने कहा कि भारत में राणा के खिलाफ लगे आरोप अमेरिका से अलग हैं। हालांकि वह अमेरिका के आरोपों के तहत बरी हो चुका है। अदालत ने माना कि डेविड हेडली की मदद पहुंचाने वाले राणा के खिलाफ भारत के सुबूत मजबूत हैं। इन साक्ष्यों को आधार पर अब राणा को जल्द भारत लाया जाएगा।



## सम्पादकीय

# नगर निकाय चुनाव : प्रचार प्रसार का खेल फिलहाल शांत

नगर निकाय चुनाव को लेकर अभी प्रचार प्रसार का खेल फिलहाल शांत नजर आ रहा है। कारण यह भी है कि शीत का प्रकोप बहुत ज्यादा है और लोग शाम के वक्त घरों में दुबक रहे हैं। धीरे–धीरे निश्चित तौर पर प्रचार प्रचार का जोर देखने को मिलेगा तो वार्डो में विभिन्न राजनीतिक दलों या फिर निर्दलीय तौर पर खड़े प्रत्याशियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। और प्रत्याशियों के लिए अपने मतदाताओं के पास जाकर अपना परिचय देना ज्यादा आसान होगा जो क्षेत्र में नियमित तौर पर सक्रिय रहते हैं और समय–समय पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रयास करते हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए खास तौर से नगर निगम के चुनाव काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं क्योंकि उनके पास यही एक सबसे सस्ता प्लेटफार्म है जो उन्हें राजनीति के मैदान में खड़ा करने का माध्यम प्रदान करता है। किसी राजनीतिक दल से टिकट लेने के लिए काफी जोर आजमाइश और धन बल का भी अक्सर प्रयोग करना पड़ जाता है, उस पर उम्मीदवारों की भीड़ के कारण योग्य होते हुए भी अक्सर उम्मीदवारी खोते हुए देखा गया है। राजनीति के मैदान में आगे बढ़ने का सबसे आसान और परखा हुआ तरीका है अपने क्षेत्र के लोगों से संवाद बनाए रखना और उनकी समस्याओं को लेकर प्रयासरत रहना। सिर्फ और सिर्फ चुनावों के समय जनता के बीच जाकर अपनी पहचान बताना या फिर बड़े–बड़े वादे करना आजकल की राजनीति का फॉर्मूला नही रह गया है। अच्छे–अच्छे बड़े नेताओं को जनता ने उनकी उपेक्षा करने पर धूल चटाई है, और ऐसे लोगों को सदन तक पहुंचाया है जिनके जीतने की कभी उम्मीद भी नहीं की जा सकती थी। निकाय चुनाव भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है जिसमें जनता निश्चित तौर पर पूर्व पार्षदों के काम का आकलन करेगी तो वही क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले उम्मीदवारों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी फिर चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल के हो या फिर निर्दलीय। निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों की अच्छी खासी तादाद जीत कर सदन में पहुंचती है जो नगरीय विकास की विभिन्न योजनाओं में सरकार के समर्थन और आलोचनाओं का आकलन करते हैं। निश्चित है कि जिन लोगों ने नियमित तौर पर अपने क्षेत्र के लोगों के लिए काम किया होगा या क्षेत्र में उनकी अच्छी छवि होगी वह निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे बनिस्पत उनके जो केवल धन–बल और राजनीतिक बैनर के भरोसे अपनी जीत के सपने सजाए बैठे हैं। हो सकता है कुछ उम्मीदवारों को पार्टी के बैनर का लाभ मिले लेकिन निकाय चुनाव के बारे में अक्सर कहा जाता है कि क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले व्यक्ति की राह स्वत: ही आसान हो जाती है।

## विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्ट्रपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नज़र उस यात्रा पर रहेगी। फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है। मगर वह चीन की उपेक्षा करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका बहुत भारी निवेश श्रीलंका में है। संकेत यह है कि दिशानायके इन दोनों बड़े देशों की संवेदनशीलताओं का ख्याल करते हुए फिलहाल दोनों से सद्भावपूर्ण संबंध को प्राथमिकता दे रहे हैं। नई दिल्ली में यह संदेश देने के बाद उनकी कोशिश बीजिंग में भी ऐसा ही पैगाम देने की होगी। बहरहाल, भारत यात्रा के दौरान, जैसाकि अक्सर शिखर नेताओं की यात्रा के समय होता है, कुछ महत्त्वपूर्ण व्यापार एवं रक्षा समझौते भी हुए।

# आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं

**समाज में अनेक बुराइयां तेजी से फैल सकती हैं और इस कारण अनेक नये तनाव और समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ–साथ समाज में कई मुद्दों पर अनिश्चय बढने़ की स्थिति आ सकती है। अनिश्चय की इस स्थिति के एक ओर तो अपने तनाव हैं और दूसरी ओर इसमें अनुचित तत्वों को अपना असर बढ़ाने के अधिक अवसर मिलते हैं। अत: ऐसे दौर और समय में रेखांकित करना और जोर देकर कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि सामाजिक नैतिकता के अनेक शात तथ्य ऐसे हैं जो सदा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक थे, आज भी हैं और सदा प्रासंगिक रहेंगे। एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि अपनी भलाई को समाज की भलाई के साथ जोड़ कर ही आगे बढ़ा जाए। इसके लिए जरूरी है कि सभी की भलाई, समाज की भलाई के बारे में सही समझ बनाने का प्रयास किया जाए जो समता, न्याय, अमन–शांति और पर्यावरण रक्षा जैसे बहुत व्यापक मान्यता के प्रतिष्ठित सिद्धांतों पर आधारित हो।**

**भारत डोगरा**

आधुनिक समाज में अनेक स्तरों पर जटिलताएं बढ़ रही हैं। तकनीकी बदलाव तेजी से हो रहे हैं, और सामान्य जनजीवन पर उनका असर बड़े स्तर पर हो रहा है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को ही लें तो इनका बहुत व्यापक असर हुआ है।

दैनिक जीवन को हमने कई स्तरों पर कम समय में ही बदल दिया है। इनमें कुछ असर अच्छे हो सकते हैं, और कुछ बुरे। इस पर बहस हो सकती है, पर एक अधिक व्यापक सच्चाई यह है कि तकनीकी बदलाव में इतनी अधिक तेजी हुई है कि हम उसे संतुलित और सुलझे हुए रूप में अपनाने के अवसर नहीं मिलते हैं। हम अभी संभलने की क्षमता प्राप्त कर ही रहे होते हैं कि तब तक बहुत कुछ गड़बड़ा जाता है।

मुद्दा केवल तकनीकी बदलाव का ही नहीं है, बल्कि इससे आगे यह भी है कि इस बदलाव को विशेष दिशा में धकेलने के प्रयास साथ–साथ होते हैं। ये प्रयास प्राय: किसी भले उद्देश्य से नहीं जुड़े होते हैं अपितु शक्तिशाली और अति साधन–संपन्न तत्वों के अपना मुनाफा, नियंत्रण और आधिपत्य बढ़ाने की संकीर्ण सोच से जुड़े होते हैं। तकनीकी बदलावों के साथ ही लोगों की सोच को और कायदे को प्रभावित करने वाले पुराने स्रोतों का महत्त्व तेजी से कम होने लगता है, जबकि नये स्रोत हावी होने लगते हैं। इस स्थिति में समाज में नैतिकता की जो बहुत महत्त्वपूर्ण स्थिति और पहचान है, वह भी बहुत प्रभावित होती और बदलती है। क्या बुरा है और क्या गलत है, ऐसे बुनियादी सवाल और उनके जवाब नई तरह से प्रभावित होने लगते हैं। ऐसी कई प्रवृत्तियां, जिन्हें सामाजिक बुराई के रूप में मान्यता मिली हुई थी और ऐसी मान्यता मिलना तथ्य आधारित था, को अब बुराई माना ही नहीं जाता। गलत राह से रोकने के लिए जो सोच समाज में मौजूद थी, वही खिसकने लगती है।

इस तरह से एक ओर तो समाज में अनेक बुराइयां तेजी से फैल सकती हैं और इस कारण अनेक नये तनाव और समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ–साथ समाज में कई मुद्दों पर अनिश्चय बढ़ने की स्थिति आ सकती है। अनिश्चय की इस स्थिति के एक ओर तो अपने तनाव हैं और दूसरी ओर इसमें अनुचित तत्वों को अपना असर बढ़ाने के अधिक अवसर मिलते हैं।

अत: ऐसे दौर और समय में रेखांकित करना और जोर देकर कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि सामाजिक नैतिकता के अनेक शात तथ्य ऐसे हैं जो सदा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक थे, आज भी हैं और सदा प्रासंगिक रहेंगे। एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि अपनी भलाई को समाज की भलाई के साथ जोड़ कर ही आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए जरूरी है कि सभी की भलाई, समाज की भलाई के बारे में सही समझ बनाने का प्रयास किया जाए जो समता, न्याय, अमन–शांति और पर्यावरण रक्षा जैसे बहुत व्यापक मान्यता के प्रतिष्ठित सिद्धांतों पर आधारित हो। अपनी प्रगति के बारे में सोचना मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है, पर सामाजिक नैतिकता की मांग है कि इस प्रगति की ऐसी राह अपनाई जाए जो सामाजिक भलाई से जुड़ी रहे और किसी भी तरह की सामाजिक क्षति से बचे। स्वयं की प्रगति के लिए, इस प्रगति में तेजी लाने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर विकास करना उचित है, पर इसके लिए किसी और को क्षति पहुंचाना और समाज को क्षति पहुंचाना अनुचित है।इस सोच का निष्कर्ष तो यही है कि मेहनत और सच्चाई की जिंदगी ही सबसे उचित जिदंगी है। यह एक शात सत्य है, सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है, पर आज इस तरह की बातें बहुत कम सुनी जाती हैं, या कोई फिर भी कह दे, तो कई बार इसे महज उपदेश या ओल्ड फैशन सोच कहा जाता है। इससे यही सिद्ध होता है कि तेज बदलाव के आधुनिक युग में सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण पक्ष उपेक्षित और आहत ही रहे हैं, पर इससे सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण और शात पक्षों का महत्त्व कम नहीं होता है। हां, इतना जरूर है कि इन्हें रेखांकित करना, इनकी याद दिलाना पहले से अधिक जरूरी हो गया है।इसी तरह सामाजिक संबंधों को बहुत ईमानदारी से निभाना सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। इन नजदीकी संबंधों को आपसी गहरे विास के आधार पर बनाए रखना, इस विास को कभी नहीं तोडऩा मानव–जीवन का एक बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। गहरे विास पर आधारित यह संबंध अपने आप में बहुत महत्त्वपूर्ण है और साथ में सच्चाई, मेहनत, ईमानदारी पर आधारित जीवन के लिए ऐसे प्रगाढ़ संबंधों से बहुत सहारा भी मिलता है। ऐसे जीवन में कठिनाइयां भी आती हैं और आज के आधुनिक दौर में कई तरह से यह संभावना अधिक बढ़ गई है। अतः सुख–दुख, उतार–चढ़ाव के बीच अपना संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। कठिनाई और दुख की स्थिति में अपने को संभाल पाना और इसके लिए अपने नैतिक जीवन के आधार से मजबूती प्राप्त करना आवश्यक है। दूसरी ओर अधिक सफलता मिल जाने पर अपने संतुलन को बनाए रखना, अपने नैतिक मार्ग पर दृढ़ रहना और हर तरह के अहंकार और सफलता के अनुचित दोहन से बचना आवश्यक है।

जिस तरह की सामाजिक नैतिकता की जरूरत समाज को सदा रही है और तेज बदलावों के आधुनिक दौर में विशेष तौर पर है, उसे प्रतिष्ठित करने के प्रयास आज बहुत जरूरी हैं पर फिर भी उपेक्षित हैं। दूसरी ओर, इस तरह के चालू प्रवृत्ति के प्रयत्न अधिक देखे जाते हैं जिनमें चालाकी से एक तरह से लोगों को भ्रमित कर किसी असरदार व्यक्ति के नेतृत्व में लाया जाता है और उनकी भावनाओं का दोहन किया जाता है। ऐसे प्रयासों के स्थान पर सही तरह की सामाजिक नैतिकता प्रतिष्ठित हो तो समाज की उचित और संतुलित प्रगति से बहुत मदद मिलेगी।मौजूदा दौर में अनेक गंभीर समस्याओं के बढने़ का एक व्यापक स्तर का कारण यह है कि इन समस्याओं पर नियंत्रण लगाने वाली जो नैतिकता आधारित मान्यताएं समाज में मौजूद थीं, उनका तेजी से ह्रास हुआ है। भ्रष्टाचार बढने़ का एक मुख्य कारण यह है तो दूसरी ओर, अन्य संदर्भ में, तरह–तरह के बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को समझने के लिए भी इस तरह के बदलाव को समझना पड़ेगा जो बहुत स्पष्ट चाहे नजर न आएं पर बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

महिलाओं के विरुद्ध विशेष तरह की हिंसा और अपराधों को भी इस व्यापक संदर्भ में समझना जरूरी है। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आधुनिकता अपने आप में बुरी है। आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं, या बना सकते हैं। पर समाज में व्यापक स्तर पर समझ बनानी होगी कि आधुनिकता के नाम पर जो कुछ समाज में आ रहा है और तेजी से आ रहा है, उसमें क्या अनुचित है, और क्या उचित है ताकि इस समझ के आधार पर आधुनिकता को हम सुलझे हुए और संतुलित आधार पर अपना सकें।

# देवेन्द्र यादव चुनावी तैयारी में कहीं आगे निकल चुके

**अनिल चतुर्वेदी**

दिल्ली में सरकार किसकी बनती है और कौन बनता है दिल्ली का सीएम यह तो बाद की बातें हैं लेकिन सच तो यह भी है कि कांग्रेस या भाजपा में नेता इस मक़सद से तो टिकट की माँग भी नहीं कर रहे और न ही हिम्मत जुटा पा रहे हैं पर हाँ यह ज़रूर है कि पब्लिसिटी और नंबर बनाने या फिर रुतबे के लिए पार्टियों के नेता केजरीवाल के रहते खुद को उनके सामने लाना चाह रहे हैं। नई दिल्ली से जीतने वाला नेता अक्सर सीएम का दावेदार रहा है सो आप पार्टी से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विधानसभा से मैदान आ चुके हैं ,कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप को अपना उम्मीदवार बना चुकी है रही बात भाजपा की सो अभी उम्मीदवार तय नहीं है।

दिसंबर के आखरि़ में उम्मीदवार तय किए जाने की उम्मीद है। यह अलग बात है कि पार्टी ने यहाँ से उम्मीदवारी को लेकर कई बार रणनीति बनाई पर नतीजा कुछ नहीं निकला। अब जो सबसे ज़्यादा दावेदारी कर रहे हैं वे हैं पूर्व मुख्यमंत्री स्वः साहिब सिंह वर्मा के बेटे और पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह । नेताजी बाहरी दिल्ली से सांसद रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में जिन छह सांसदों के टिकट पार्टी ने काटे थे प्रवेश उनमें से एक हैं। अब पार्टी ने भले प्रवेश के नाम की घोषणा यहाँ से चुनाव लडऩे के लिए नहीं की हो पर नेताजी ने इस विधानसभा की दीवारों को अपने नाम और यहाँ से लडऩे का संकेत देकर पाट दिया है। यही नहीं सोशल मीडिया और अख़बारों में भी इसी तरह की पिछले दिनों खबरें भी छपीं हैं।बाहरी दिल्ली से ही लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार को समर्थन देने को लेकर भी अपने ये नेताजी सुर्खय़िों में रहे थे। और तो और पिछले दिनों कार्यकर्ताओं की मीटिंग में भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए गए कि मानो वे नई दिल्ली से पार्टी उम्मीदवार है और सीएम के दावेदार हों । साथी नेताओं ने तो इस मीटिंग में यहाँ तक कह भी डाला कि उन्हें इन नेताजी को जिताना है पर शायद भाजपा की ज़मीन पर अभी ऐसा कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। कि नेताजी उम्मीद हैं भी या नहीं ।या यह मानिए कि अभी सिर्फ़ ख्याली पुलाव वाली बात।

यह ज़रूर है कि नेताजी ने इस मीटिंग में खान–पान की व्यवस्था ज़रूर की थी और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज इसमें मौजूद थीं।अब भला नेताजी अपने संसदीय क्षेत्र की दस विधानसभाओं में किसी एक से लडक़र बाहर की नई दिल्ली से लडऩे की इच्छा क्यूं जता रहे हैं भाजपा ही नहीं बाक़ी राजनीतिक दलों में भी यह चर्चा का सवाल बना हुआ है।

यूँ नेताजी जाट विरादरी से ताल्लुक़ रखते हैं पर नई दिल्ली विधानसभा में जाट वोटों की संख्या न के समान मानिए। यहाँ वाल्मीकि,धोबी ,वैश्य दलित, उत्तराखंड के और पंजाबी आदि वोटर तो हैं पर जाट या मुस्लिम वोटरों की संख्या तो बेहद कम है। ऐसे में अपने ये नेताजी किसके दम पर चुनाव का दम भर रहे हैं यह तो राम जाने पर हाँ अगर आकाओं का फ़ैसला साम दाम दंड भेद से जीतने का ही होगा तो बाक़ी तो सभी कुछ नगण्य ही होना है। यह बात दूसरी है कि खुद भाजपा के नेता भी अपने बूते 70 में से 20 से 25 सीटें जीत पाने के दम के साथ केजरीवाल की सरकार एक बार बनते देख रहे हैं।दिल्ली में सरकार किसकी बनती है यह भले इंतज़ार की बात हो लेकिन सरकार बनाने की कोशिश में तो फिलाहल भाजपा से कहीं आगे हैं। आप और भाजपा के ख़िलाफ़ तक़रीबन 60 जगहों पर प्रदर्शन और दिल्ली न्याय यात्रा निकाल कर कांग्रेस ने वोटरों के दिलों में कहीं न कहीं जगह ज़रूर बनाई है। या यूँ कहिए कि अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव चुनावी तैयारी में कहीं आगे निकल चुके हैं। विधानसभा की 70 सीटों के लिए अब तक 21 सीटों के उम्मीदवार तय किए जा चुके हैं और दिसंबर के आखरि़ी दिनों में बाक़ी विधानसभाओं के उम्मीदवार तय कर दिए जाने हैं।

यह अलग बात है कि आप पार्टी अपनी तैयारी को लेकर कांग्रेस और भाजपा को चुनौती दिए हुए हैं पर यह भी ज़रूर है कि कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में वापिसी के लिए हर कोशिश में लगी है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के साथ ही अड़ानी मामले को लेकर कांग्रेस अब हर रोज़ सडक़ों पर अपनी आवाज़ बुलंद करती दिख रही है। कांग्रेस नेताओं की मानो तो वह अपनी चुनावी तैयारी या दोनों सरकारों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठा यह बता देना चाहती है कि वह बाक़ी दोनों पार्टियों से कहीं कमतर नहीं है और पूरी मुस्तैदी के साथ दिल्ली जीतने के लिए चुनावी मैदान में उतरेगी।


अब भले भाजपा क़रीब तीन दशक का अपना वनवास ख़त्म कर दिल्ली जीतने को बेताब हो पर फिलाहल तो वह आप ही नहीं बल्कि कांग्रेस से भी चुनावी तैयारी में पीछे है। कांग्रेस अगर 21 उम्मीदवार तय कर चुकी है तो आप के 31उम्मीदवार तय किए सजा चुके हैं। दिल्ली की गलियों और चौबारों तक आप के नेता संपर्क किए हुए हैं। महिला सम्मान योजना के तहत आप महिलाओं को हर महीने 2100 रूपये देने का भरोसा देकर अपना वोट बैंक तैयार करने में लगी है।

# व्यापार घाटे में बढ़ोतरी

समाधान देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ दो महीने ऐसे रहे, जब वस्तु व्यापार में उसके पिछले महीने की तुलना में व्यापार घाटा कम हुआ। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

इसका सीधा कारण तो निर्यात की तुलना में आयात का तेजी से बढऩा है, लेकिन इस बड़ी कहानी के अंदर कुछ बारीक अहम तथ्य भी हैं। नवंबर में गुजरे वर्ष के इसी महीने की तुलना में आयात 27 फीसदी बढ़ा, वहीं निर्यात 4.7 प्रतिशत गिरा। सरकारी अधिकारी चूंकि हर नकारात्मक खबर के बचाव की दलील ढूंढ कर आते हैं, इसलिए उन्होंने नवंबर के आंकड़ों के बारे में कहा कि बीते महीने सोने का आयात तेजी से बढ़ा, जबकि प्रमुख रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का निर्यात घटने की वजह से कुल निर्यात आंकड़ों में गिरावट दिखी। यानी चिंता की कोई बात नहीं है। वैसे स्वर्ण आयात बढने़ का रास्ता सरकार ने ही साफ किया है। इस पर आयात शुल्क में भारी कटौती और यूएई से मुक्त व्यापार समझौते का इसमें प्रमुख योगदान है। उधर रूस से सत्ता तेल खरीद कर अमेरिका और यूरोप निर्यात करने का रुझान ठंडा पड़ गया है। ऐसे पेट्रोलियम निर्यातक दूसरी जगह बाजार ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी इसमें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली है। वैसे व्यापार घाटे में बढ़ोतरी का कारण और भी है। भारत के निर्यात लगातार आयात निर्भर होते गए हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव जैसी योजनाओं के कारण प्रमुख इनपुट्स का आयात कर निर्मित वस्तुओं के निर्यात का चलन बढ़ा है। इस तरह भारत का जितना निर्यात बढ़ता है, उसी अनुपात में आयात बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा लाभ चीन को मिला है। यानी कुल मिला कर आयात–निर्यात के कारोबार में चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इसका उपाय देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है।

# 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने से कुछ कदम दूर मुफासा, वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग



बैरी जेनकिंस की निर्देशित डिज्नी की सबसे चर्चित प्रीक्वल और द लायन किंग (2019) की सीक्वल ने पिछले 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर, हॉलीवुड फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने नौ दिनों के प्रदर्शन के दौरान 83.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को भारतीय दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। मुफासा को रिलीज हुए पूरे नौ दिन हो गए हैं। तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने शनिवार को कितना कलेक्शन किया है। मुफ़ासा ने अपने पहले हफ्ते में 74.25 करोड़ रुपये की कमाई की है, जबकि पहले दिन इसने 8.3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 8वें दिन यानी शुक्रवार को कमाई में 5.71 प्रतिशत की गिरावट आई और फिल्म ने 6.6 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, वीकेंड पर फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी है और शानदार कमाई की है। बात करें नौवें दिन की तो शनिवार को फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन अब 90 करोड़ रुपये हो गया है। मुफासा के प्रदर्शन को देख यह कहना गलत नहीं होगा कि अगले हफ्ते तक फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई कर लेगी। दर्शकों का उत्साह देखते हुए यह लग रहा है कि फिल्म सिनेमाघरों को जल्दी अलविदा नहीं कहेगी।

## फिल्म डाकू महाराज से नंदमुरी बालकृष्ण का नया पोस्टर जारी

डाकू महाराज में बालकृष्ण का सामूहिक अवतार सबको चौंका देगा। बालकृष्ण अपनी आगामी सामूहिक एक्शन एंटरटेनर डाकू महाराज के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कमर कस रहे हैं। बॉबी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 12 जनवरी 2025 को एक शक्तिशाली संक्रांति स्पेशल के रूप में भव्य रिलीज के लिए तैयार है। निर्माता दिलचस्प और रोमांचक पोस्टर के साथ फिल्म प्रेमियों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया जिसमें बालकृष्ण को जीप चलाते हुए दिखाया गया है। बालकृष्ण लाल शर्ट और नीली जींस में भारी भरकम दिख रहे थे और जीप चलाते हुए पीछे की ओर देख रहे थे। पोस्टर देखकर प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं और उन्हें भरोसा है कि फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी। फिल्म में प्रज्ञा जायसवाल, श्रद्धा श्रीनाथ और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं, जबकि बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। थमन इस फिल्म के संगीत निर्देशक हैं, जिसकी छायांकन विजय कार्तिक कन्नन ने किया है और संपादन निरंजन देवरामने ने किया है।

# बुमराह के खिलाफ कानून पारित करेंगे,' सिडनी टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने बनाई योजना

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के आखिरी मैच से पहले बुधवार को भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई दोनों टीमों से मुलाकात की। नए साल के टेस्ट से पहले, अल्बानीज ने सिडनी में दोनों टीमों की मेजबानी की और मौजूदा बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन की सराहना की। टीमों के साथ बातचीत के दौरान, अल्बानीज ने इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम पर बुमराह के प्रभाव के बारे में बात की और मजाक में कहा कि वह बुमराह को बाएं हाथ से या एक कदम आगे गेंदबाजी करने के लिए कानून पारित कर सकते हैं। बता दें कि बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की नांक में दम कर रखा है।



**मैक्ग्राथ करेंगे स्तन कैंसर से जागरूक**

अल्बानीज ने सिडनी में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली के साथ भी एक तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों किसी बात पर हंसते हुए नजर आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने पूर्व क्रिकेटर ग्लेन मैक्ग्राथ से भी मुलाकात की, जो मैक्ग्राथ फाउंडेशन के स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए पहले दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री अल्बानीज ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, शुक्रवार को जब पांचवां टेस्ट शुरू होगा, तो मैकग्राथ फाउंडेशन के महान कार्य के समर्थन में एससीजी गुलाबी रंग से सराबोर हो जाएगा। गो ऑस्ट्रेलिया!

**बुमराह के खिलाफ कानून बनाने की कही बात**

वहीं, पीटीआई ने एंथनी अल्बानीज के हवाले से कहा, हम यहां एक कानून पारित कर सकते हैं जिसके अनुसार बुमराह बाएं हाथ से या एक कदम आगे की ओर गेंदबाजी करनी होगी। हर बार जब वह गेंदबाजी करने के लिए आया है तो बहुत रोमांचक रहा है।

# डेनिम बॉडीकॉन ड्रेस पहन एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने दिखाईं हॉटनेस, लेटेस्ट फोटोज देख दिल हार बैठेंगे आप

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना तमन्ना भाटिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। विजय वर्मा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाओं में हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान डेनिम आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें उनकी हॉटनेस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। कर्ली बाल और वाइन हील्स पहनकर तमन्ना भाटिया ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपन इस लुक में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## इतिहास रचने से चार कदम दूर हैं रोहित शर्मा

नई दिल्ली। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का कारवां आखिरी पड़ाव तक जा पहुंचा है। सिडनी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। यहां, सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया सीरीज में 1–2 से पीछे चल रही है। करो या मरो के मुकाबले में सीरीज में बराबरी हासिल करने के लिए भारत को हाल में जीत चाहिए होगी।

सिडनी में मिलने वाली जीत भारतीय टीम के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का रास्ता भी खोलेगी। इस मैच में अभी तक खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सिर्फ चार छक्के लगाकर वीरेंद्र सहवाग को पीछे कर सकते हैं। भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 91 छक्के वीरेंद्र सहवाग ने लगाए हैं।

**चार कदम दूर रोहित शर्मा**

दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा मौजूद हैं। उन्होंने 89 छक्के जड़े हैं। यानी रोहित दिग्गज बल्लेबाज सहवाह से तीन छक्के पीछे हैं।

# ग्लेन मैक्सवेल ने बाउंड्री पर पकड़ा हैरान कर देने वाला कैच

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने ब्रिस्बेन हीट और मेलबर्न स्टार्स के बीच बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024–25 के मैच 19 के दौरान अपनी बेहतरीन फील्डिंग का प्रदर्शन किया। मैच की पहली पारी के दौरान, मैक्सवेल ने अपने सनसनीखेज फील्डिंग से बाउंड्री लाइन पर अद्भुत कैच लपका जिसे फैंस देकर कर हैरान रह गए। यह अद्भुत नजारा ब्रिस्बेन हीट की पारी के 17 वें ओवर की पहली गेंद पर देखने को मिला। विल प्रेस्टिज ने बाउंड्री की तरफ हावाई शॉट खेला। बाउंड्री पर तैनात मैक्सवेल ने पहले अपने दाहिने ओर दौड़ते हुए हवा में छलांग लगाकर एक हाथ से गेंद को पकड़ा और जब बाउंड्री के बाहर गिरने वाले थे तभी गेंद को बाउंड्री के अंदर उछाल दिया। कुछ ही सेकेंड में उन्होंने खुद को संतुलित किया और बाउंड्री के अंदर आकर एक शानदार कैच लपका।





**मैक्स ब्रायंट ने जड़ा अर्धशतक**

मैच की बात करें तो प्रेस्टविज को खोने के बाद मैक्स ब्रायंट ने चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 48 गेंद पर नाबाद 77 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत ब्रिस्बेन हीट ने निर्धारित 20 ओवरों में 149/7 का अच्छा स्कोर बनाया। मेलबर्न स्टार्स के लिए मार्क स्टेकेटी ने दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में मेलबर्न ने ओपनर बेन डकेट को पहली ही गेंद पर जेवियर बार्टलेट का शिकार बना दिया। सैम हार्पर को भी बार्टलेट ने आउट कर दिया, जबकि थॉमस रोजर्स (7 गेंदों पर 6 रन) स्पेंसर जॉनसन के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए, जिससे मेलबर्न का स्कोर 14/3 हो गया।

## एक नजर

### राजयोग के महत्व के बारे में बताया

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : नव वर्ष पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को राजयोग के महत्व के बारे में बताया गया। कहा कि राजयोग के माध्यम से ही जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति हो सकती है। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पोस्ट मास्टर मुकेश पुंडीर ने किया। इस दौरान केंद्र संचालिका वीके ज्योति ने कहा कि हमें अपने जीवन में राजयोग को अपनाना चाहिए। राजयोग से ही तनाव से मुक्ति मिल सकती है। राजयोगी की सकारात्मक सोच के साथ ही जीवन में ऊर्जा होती है। कहा कि नए वर्ष में हमें अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। बेहतर सोच से ही हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया।

### ग्रामीणों को स्वरोजगार अपनाने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रीकोलैब एसोसिएशन द्वारा पौड़ी के पोखरीखेत, तमलाग में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 40 से अधिक छात्रों को युवा कौशल विकास और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में ग्रामीणों को स्वरोजगार अपनाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट्स एंड डिजाइन जयपुर से क्रोशिया विशेषज्ञ श्रेया रावत ने ग्रामीण पर्वतीय समुदायों में क्रोशिया कौशल साझा करने, महिला सशक्तिकरण और नए आजीविका अवसर खोजने को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही इंटरमीडिएट स्कूल पोखरीखेत में एक परिचयात्मक संचार सत्र भी आयोजित किया गया।

### नव वर्ष पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : नववर्ष पर क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में बड़ी दीवा व गुजड़ूगढ़ी में पहुंचे। गुजड़ूगढ़ी व दीवागढ़ी दोनों ही क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक व पर्यटन केंद्र हैं। लगभग साढ़े सात हजार फीट ऊंचाई पर स्थित इन स्थलों से हिमालय की छटा दर्शनीय होती है।हजारों की संख्या में साल के पहले दिन क्षेत्र के युवक युवतियां, महिलाएं व स्कूली बच्चे मंदिरों में पहुंचे व पूजा अर्चना कर मां भगवती से स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना की। नैनीडांडा, धुमाकोट, जड़ाऊखांद, जमणधार, अदालीखाल, खिरैरीखाल क्षेत्र से लोग दीवा मंदिर पहुंचे। इसी तरह किनगोड़ीखाल, दिगोलीखाल, गौलीखाल, आशौंगाड़, सीली, रसियामहादेव आदि क्षेत्रों से गुजड़ूगढ़ी पहुंचे। दोनों मंदिरों में पर्यटकों, श्रद्धालुओं की दिन भर भीड़ लगी रही।

### ग्रामीणों ने दी एनआईटी का निर्माण कार्य रोकने की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : एनआईटी निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर बुधवार को एनआईटी संघर्ष समिति सुमाड़ी के बैनर तले लोगों ने सुमाड़ी में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि एनआईटी के निर्माण के लगी निर्माणदायी कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार मुहय्या नहीं करवाती है तो वह निर्माण कार्य को बाधित करने को विवश होंगे। इस मौके पर समिति के सचिव विपुल जोशी ने कहा कि एनआईटी के स्थाई परिसर निर्माण को लेकर सुमाड़ी के ग्रामीणों ने कई हेक्टेयर भूमि दान की है, लेकिन एनआईटी के स्थानीय लोगों को निर्माण कार्य में कोई भी रोजगार नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजना में प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने एवं डंपिंग कार्य के लिए स्थानीय निवासियों के वाहनों को लगाए जाने की मांग है। वहीं धरने स्थल पर पहुंचे निर्माणदाईं संस्था सैम इंडिया के अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांगों क़ो सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द मांगों पर अमल नहीं होता है तो वह एनआईटी का निर्माण कार्य रोकने के लिए विवश होंगे। इस मौके पर निर्वतमान ग्राम प्रधान सुमाड़ी सत्यदेव , मनोज चमोली, अनुज, संदीप, भास्कर चमोली, नितिन बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

# महापौर के सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही, तीन बच्चे वाले परेशान

### विभिन्न वार्डों में तीन से चार बच्चों वाले पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन रद्द होना तय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार निकाय चुनाव में महापौर पद के सभी प्रत्याशियों का नामांकन सही पाया गया है। ऐसे में अब विभिन्न वार्डों में पार्षद पद पर किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की स्कूटनी का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान कई ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिनके तीन-चार बच्चे हैं। ऐसे में इन प्रत्याशियों का नामांकन निरस्त होना तय है।



कोटद्वार तहसील जहां प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की स्कूटनी का कार्य चल रहा है।

कोटद्वार नगर निगम में महापौर पद के लिए जहां नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, वहीं चालीस वार्डों के लिए 187 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पर्चे दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच में सबसे पहले महापौर पद के प्रत्याशियों के पत्रों की जांच की गई। जिसमें महापौर पद के लिए चुनाव मैदान में डटे किसी भी प्रत्याशी का नामांकन रद्द नहीं हुआ है। पार्षद पद पर कुछ प्रत्याशी ऐसे पाए गए, जिनके तीन-चार बच्चे हैं। यदि नियमों की बात करें तो दो से अधिक बच्चे वाले प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ सकते। ऐसे में इन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द होना तय है। नामांकन के दौरान कुछ ऐसे भी प्रत्याशी सामने आए, जिन्होंने दो-दो वार्डों से नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। प्रशासन की ओर से ऐसे प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की छंटनी की गई है। कितने पार्षद प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटने के योग्य रहेंगे। इसका पता तो स्कूटनी का कार्य पूर्ण होने के बाद ही चल पाएगा।

### वाहन चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : रिखणीखाल उप तहसील के वाहन दुर्घटना संबंधी मामले में उप तहसील के वरिष्ठ सहायक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। बताते चलें कि शनिवार रात्रि रिखणीखाल-सिद्धखाल-दुधारखाल-सतपुली मोटर मार्ग पर रिखणीखाल से करीब एक किलोमीटर आगे ग्राम सिरवाणा के समीप रिखणीखाल उप तहसील का वाहन गहरे खड्ड में जा गिरा। दुर्घटना में तहसील में तैनात पीआरडी जवान ग्राम डोबरिया निवासी दिलवर सिंह (40) पुत्र मनवर सिंह के साथ ही रेस्टोरेंट संचालक ग्राम बगर निवासी जसवीर सिंह (36) पुत्र भगत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन चालक कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत खूनीबड़ निवासी सतपाल उर्फ कोमल घायल हो गया था। इस प्रकरण में उपजिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को उप तहसील के वरिष्ठ सहायक की ओर से वाहन चालक के खिलाफ रिखणीखाल थाने में तहरीर दी गई। तहरीर में सतपाल पर उच्चाधिकारियों की अनुमति के बिना तहसील के वाहन को तहसील परिसर से ले जाने और वाहन को लापरवाही से चलाकर खाई में गिराकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी संतोष पैंथवाल ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर सतपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है।

# बीते साल में जिला पुलिस ने पीड़ितों को लौटाएं एक करोड़

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला पुलिस की साइबर सैल द्वारा बीते साल में 109 मामलों में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों में कुल 1 करोड़ से अधिक की धनराशि वापस कराई गई है। वहीं पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए 37 हजार से अधिक व्यक्तियों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए करीब 2 करोड़ का शुल्क वसूला है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बीते वर्ष जिले की साइबर सैल द्वारा 109 मामलों में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों में कुल 1 करोड़ से अधिक की धनराशि वापस कराई और 75 अभियोग पंजीकृत कर 60 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की।

पुलिस द्वारा 25 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी करने के साथ-साथ गुंडा अधिनियम के तहत अवैध गतिविधियों में संलिप्त 21 व्यक्तियों को जिला बदर किया। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए 37 हजार से अधिक व्यक्तियों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए करीब 2 करोड़ का शुल्क वसूलते हुए 830 वाहनों को सीज व 13 सौ से अधिक व्यक्तियों के डीएल निरस्तीकरण भी किए गए। एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने 52 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 किलो 174 ग्राम अवैध चरस, 214.3 ग्राम अवैध स्मैक और 332 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। एसएसपी ने बताया कि हर थानों में पिंक यूनिट टीमों का गठन किया गया है। यह यूनिट स्कूलों में जाकर मनचलों पर नजर रखते हुये स्कूली छात्राओं से बातचीत कर सुरक्षा की भावना जागृत करती है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.06.2011 को श्री सतीश चन्द्र पुत्र कुलानन्द द्वारा सिताबपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल के खाता खतौनी संख्या 35, खेत संख्या 112 मध्ये दर्ज भूमिधरी भूमि श्रीमती सतेश्वरी देवी पत्नी जयकृष्ण के हक में बयनामा कराया था। जिसका दस्तावेज संख्या 2014 है तथा दिनांक 30.07.2014 दस्तावेज संख्या 2460 जो कि श्रीमती सतेश्वरी देवी पत्नी जयकृष्ण द्वारा श्रीमती अर्चना भाटिया पत्नी दीपक भाटिया के पक्ष में बयनामा किया था। दिनांक 26.12.2024 को डिग्री कॉलेज रोड पर मेरे स्कूटर से मेरा एक बैग कहीं गिर गया, जिसमें उक्त बयनामें की मूल प्रति भी थी, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे है।

**अनुभव अग्रवाल पुत्र श्री किशन कुमार अग्रवाल निवासी नयागांव नजीबाबाद रोड, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# मारपीट व वाहन क्षतिग्रस्त करने वाला युवक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पटेल मार्ग में नशे की हालत में राहगीरों से मारपीट करने व पुलिस के वाहन को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपित को देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बताते चलें कि बीती शाम नशे में धुत्त मोटर साइकिल सवार युवक ने विपरीत दिशा से आ रही एक श्रमिक की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी थी। श्रमिक गाड़ीघाट निवासी राजकुमार ने जब युवक का विरोध किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। राहगीरों के साथ ही युवक ने अभद्र व्यवहार किया। शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में लिया तो वह पुलिस के साथ भी गाली गलौच व मारपीट करने लगा। यही नहीं, नशे में धुत युवक ने पुलिस के वाहन का पिछला शीशा भी तोड़ दिया था। युवक की इस हरकत का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि होश में आने पर युवक ने स्वयं को लालपुर निवासी विवेक बताया। कहा कि युवक ने नशे की हालत में अभद्र व्यवहार करने पर माफी भी मांगी।



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में युवक

# ठंड के मौसम में सक्रिय हुए चोर, दुकान के बाहर से एसी का सामान चोरी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोहरा व शीतलहर के बीच जब आमजन अपने घरों में दुबका हुआ है। तब शहर में चोर सक्रिय होने लगे हैं। हालत यह है कि देवी रोड में चोर ने दो दुकानों के बाहर लगे एसी की तार व अन्य सामान चोरी कर लिया। युवक दुकान के ताले को भी तोड रहा था। उसकी यह हरकत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

दुकानों का ताला तोड़ने पहुंचे चोर की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई। ताला तोड़ने में नाकाम चोर दो दुकानों के बाहर लगे एसी की तार समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान स्वामियों को जल्द ही चोर को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

ठंड के मौसम में जब आमजन घरों में दुबके रहते हैं, जिसका लाभ उठाकर चोर सक्रिय हो जाते हैं। मंगलवार रात एक चोर देवी रोड स्थित काला ब्यूटी पार्लर व प्ले जोन में पहुंचा, जहां चोर ने दोनों दुकानों का ताला तोड़ने का प्रयास किया। दुकानों का ताला तोड़ने में नाकाम चोर ने जब दरवाजे के ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो वह दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमर की तार व अन्य सामान चोरी कर ले गया। मामले में ब्यूटी पार्लर संचालक पूजा रावत की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। उन्होंने बताया कि नकाबपोश चोर पहले ताले तोड़ने का प्रयास कर रहा था। सीसीटीवी कैमरे में चोर आसपास की अन्य दुकानों की भी रेकी करता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, क्षेत्रीय जन ने पुलिस से ठंड के मौसम में गश्त बढ़वाने की मांग की है।



कोटद्वार के देवी रोड में दुकान का ताला तोड़ने के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बहुएं संजीता पत्नी संदीप कुमार व नेहा देवी पत्नी संजय कुमार का अपने पतियों से विवाद चल रहा है व दोनों पुत्रों का अपनी पत्नियों से न्यायालय कोटद्वार में मुकदमा लंबित है। वर्तमान में मेरे पुत्रों का अपनी पत्नियों संजीता व नेहा से कोई भी लेन-देन नहीं होने के कारण इनको हमारे रिश्तेदारों ,जिनमें कृष्णा पुत्र लल्ल, पूनम देवी पत्नी शान्ति लाल, बबली पत्नी कमल है ,यदि कोई विवाद या लेन-देन होता है , जिसमें मेरी व मेरे पुत्रों व पुत्री की कोई जवाबदारी नहीं होगी। मेरी बहुएं संजीता व नेहा अपने हर लेन-देन, विवाद व काम के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी, क्योंकि वह मेरे व मेरे दोनों पुत्रों के कहने सुनने में नहीं है। मैं अपनी दोनों बहुओं संजीता व नेहा को अपनी पैतृक चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं।

**दया देवी पत्नी स्व0 मदन लाल निवासी कमला नेहरू मार्ग, वार्ड नंबर-2, दुगड्डा, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0657/21)


# नौ लाख की स्मैक के साथ हरियाणा का युवक गिरफ्तार, नव वर्ष पर बेचने का था प्लान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नशे को लेकर कोटद्वार पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने नौ लाख रुपये की स्मैक के साथ हरियाणा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक नव वर्ष पर स्मैक को क्षेत्र के युवकों व बच्चों को महंगे दामों में बेचने का प्लान बना रहा था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर में लगातार बढ़ रहे नशे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। इसी के तहत पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में हरियाणा अंबाला कैंट निवासी अनिल कुमार बड़ी मात्र में स्मैक लेकर उसकी तस्करी करने जा रहा है। बताया कि मुखबिर की ओर से बताए गए स्थान पर पहुंचकर जब पुलिस ने उक्त युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से 28 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। जिसकी कीमत करीब नौ लाख रुपये आंकी जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवर व सीआईयू प्रभारी कमलेश शर्मा ने बताया कि युवक कुछ दिन पूर्व ही उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर लाया था। युवक नववर्ष की संध्या पर शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्मैक की तस्करी करने के प्रयास में था।



कोतवाली पुलिस की हिरासत में स्मैक के साथ पकड़ा गया युवक

### बॉक्सरों ने लहराया परचम जीते स्वर्ण व कास्य पदक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राज्य स्तरीय अंडर-14 खेल महाकुंभ के बाक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार के बाक्सरों ने परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। कोटद्वार स्थित राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम के छात्रावास में रहने वाले बाक्सरों ने बालक वर्ग में तीन स्वर्ण व महिला वर्ग में एक कांस्य पदक जीता। स्वर्ण व कांस्य पदक जीतने पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम इंचार्ज व बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि अंडर-14 खेल महाकुंभ का राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित करवाई गई थी, जिसमें स्डेडियम के छात्रावास में रहने वाले बाक्सरों ने भी प्रतिभाग किया। बताया कि बालक वर्ग के 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक, 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में राज सिंह और 46 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में चेतन ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रिया नेगी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान, व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीण बिष्ट, वरिष्ठ सहायक शिवम रावत ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डाईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520100007279 में मेरे पिता का नाम भूलवश आनन्द सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम त्रिलोक सिंह है। अतः मेरे डाईविंग लाईसेंस संख्या में मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम त्रिलोक सिंह अंकित कर डाईविंग लाईसेंस निर्गत किया जाए।

**प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 त्रिलोक सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट झंडीचौड़, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड।**

(0642/21)



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 31.12.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 288-DRM-MB-24-25 dt. 31.12.2024 |
| Name of work | Hiring of truck and multi utility vehicle for miscellaneous work in connection with track maintenance/ renewal in the section of Sr.DEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 24.01.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,20,57,741.28 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,10,300.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 5000.00 |
| Bidding Start Date | 10.01.2025 |
| Period of Completion | 24 Month |

01/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### रेनबो और कान्वेंट स्कूल ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली उत्तराखंड के ओर से स्व. विमला जुगरान स्मृति में एनआईटी खेल मैदान में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रेनबो स्कूल और सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल के नाम रहा। प्रतियोगिता के संयोजक प्रदीप मल्ल ने बताया कि बालिका वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज धद्दी और सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। प्रतियोगिता में जीआईसी धद्दी ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कांवेंट स्कूल ने विपक्षी टीम ने 80 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइंका धद्दी की टीम अंतिम ओवर तक 75 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता को सेंट थेरेसास स्कूल ने 5 रनों से मैच अपने नाम किया। वहीं बालक वर्ग में रेनबो स्कूल और सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल के बीच खेले गए मैच में रेनबो ने कान्वेंट को 26 रनों से पराजित किया। इस मौके पर रोटरी क्लब अलकनंदा वैली के अध्यक्ष अर्जुन सिंह गुसाई, मनोज कण्डवाल, वरूण बर्त्वाल, कृपाल सिंह पटवाल, नवल किशोर जोशी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# नए साल के पहले दिन सिद्धबली बाबा के दर्शन को उमड़ी भीड़



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में सिद्धबाबा के दर्शनों को उमड़े लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नव वर्ष के प्रथम दिन सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। दोपहर तक श्रद्धालुओं की लाइन पुल तक पहुंच गई थी। श्रद्धलुओं ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। सुबह से ही दर्शन को पहुंच रहे भक्तों के कारण मंदिर को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली। हालांकि पुलिसकर्मी लगातार यातायात व्यवस्था सुधारने में जुटे हुए थे।

बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के श्री सिद्धबली मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को लाइन में इंतजार करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मन्नत भी मांगी। साथ ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य भी अर्जित किया। बुधवार को कोटद्वार के साथ ही बिजनौर जनपद से बड़ी तादाद में श्रद्धालु सिद्धबली मंदिर पहुंचे थे। हालांकि, क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से कोहरा छाया हुआ है। लेकिन, श्री सिद्धबली बाबा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा ठंड पर हावी नजर आई। सिद्धबली मंदिर दर्शन के बाद बिजनौर जनपद से आए कई पर्यटक दुगड्डा की तरफ घूमने भी गए। इस दौरान उन्होंने दुर्गा देवी मंदिर पहुंच मां दुर्गा के भी दर्शन किए।

# जिला अस्पताल में पहले दिन ही रही स्वास्थ्य सेवाएं अस्त-व्यस्त

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पीपीपी मोड से हटने के बाद नए साल के पहले ही दिन जिला अस्पताल पौड़ी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। शासन के आदेशों के बाद भी जिला अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ डाक्टर ने ज्वाइनिंग नहीं दी। जिसके चलते सीएमओ व एसीएमओ को खुद मोर्चा संभालना पड़ा। जिला अस्पताल पौड़ी में पहले ही दिन अस्पताल चिकित्सक विहीन बना रहा। पौड़ी अस्पताल में सीएमएस व दस विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ज्वाइनिंग देनी थी। लेकिन अभी तक एक भी चिकित्सक के नहीं पहुंचने से अस्पताल में सभी कक्ष खाली पड़े रहे। स्वास्थ्य महानिदेशक के आदेश के बावजूद बुधवार को भी किसी ने ज्वाइनिंग नहीं दी। जिससे यहां पहुंचने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। पहले दिन अस्पताल में एक क्रिटिकल केस समेत 10 ओपीडी दर्ज हुई। जिनका उपचार आकस्मिक सेवा में हुआ। महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून की ओर से जिला अस्पताल पौड़ी समेत सीएचसी पाबौ, घंडियाल व बीरोंखाल को जनवरी 2021 से पीपीपी मोड संचालित किया जा रहा था। बीते मंगलवार को पीपीपी मोड से हटाकर जिला अस्पताल को सरकार ने अपने हाथों में ले लिया।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद द्वारा सर्वे सं0 217 में स्थित गैस गोदाम (गैस सिलेण्डर रखने के लिए) को चलाने हेतु मासिक लाईसेन्स शुल्क के आधार पर 05 वर्षो हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 16/01/2025 को 15:00 बजे टेन्डर बाक्स में डाली जा सकती है। जो उसी दिन समय 15:30 बजे खोले जाएगी। निविदा फार्म दिनांक 15/01/2025 तक समय 17:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है साथ ही अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 15/01/2025 तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**पत्रांक 2000/दु0स0/छा0प0**
**कार्यालय छावनी परिषद् लैन्सडौन**
**दिनॉक 01 जनवरी 2025**

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद् लैन्सडौन**



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0 समन्वय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **01R-SANDT-Tele-AMC-MB-23-24** एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ 12 चैनल वौइस् डाटा लोगर ओवर मुरादाबाद डिवीज़न फॉर टू ईयर। | 766256.74 | 15300.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **01-SNT-TELE-AMC-MB2023-24** AMC ऑफ़ पैसेंजर एमेनिटीज अत मुरादाबाद, हरिद्वार और ऋषिकेश। | 5710589.80 | 114200.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **01R-SNT-Sig-Fire-Detectio** फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम इन रिमोट रिले हट्स ओवर मुरादाबाद। | 9098757.67 | 182000.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 4 | **04-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC20** प्रोविजन ऑफ़ SSDAC/MSDAC इन लिएउ ऑफ़ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सल काउंटरस इन नजीबाबाद (Ex)- सहारनपुर सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 39068629.22 | 345400.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 5 | **05-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC2** प्रोविजन ऑफ़ SSDAC/MSDAC इन लिएउ ऑफ़ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सल काउंटरस इन चंदौसी–बरेली सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 14552199.59 | 222800.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 6 | **01-DRM-SNT-EXCH-2021-22** रिप्लेसमेंट ऑफ़ ओल्ड एक्सचेंज विथ I.P बेस्ड सेंट्रलाइज्ड टेलिकॉम एक्सचेंज ओवर मुरादाबाद डिवीज़न एंड औग्मेंटेसन वर्क एट कनेक्टिंग स्टेशन | 18922623.63 | 244600.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |
| 7 | **03RT-SNT-MB-SMC-ADSTE-NBD** S&T वर्क इन c/w सेक्शनल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ ADSTE/NBD ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 12762920.04 | 213800.00 | निल | 27.01.2025 15:00 hrs. |

नोटः– निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **निविदा सूचना: 01R-SANDT-Tele-AMC-MB-23-24, 01-SNT-TELE-AMC-MB2023-24, 01R, 04, 05, 01, 03RT दिनांकः– 31.12.2024** **4001/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मौली और मशाल 20 जनवरी को पहुंचेगी पौड़ी


डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : 38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए शुभंकर मौली प्रचार वाहन में सवार होकर 20 जनवरी को पौड़ी पहुंचेगा। शुभंकर मौली 20 जनवरी व 21 जनवरी तक जनपद के सभी ब्लाकों के प्रमुख स्थानों व शहर की सभी प्रमुख मार्गों और बाजार में भ्रमण कर लोगों को राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अतिरिक्त 22 जनवरी को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मसाल कोटद्वार पहुंचेगी, जहां मसाला को हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया जायेगा

बुधवार को एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मौली और मशाल के जनपद में पधारने पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कहा कि प्रचार वाहन के यातायात प्लान के साथ ही इसमें प्रतिभाग करने वाले लोगों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि 07 जनवरी तक पूरे कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार पर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को रामलीला मैदान पौड़ी में आयोजित होने वाले पाण्डवाज शो के लिए टेंट व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य समुचित व्यवस्थाएं की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है इसलिए इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। इसलिए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित अन्य कॉलेजों के बच्चों को शामिल किया जाए। जिला क्रीडा अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के दृष्टिगत तीन केन्टर के माध्यम से शुभंकर, लोगो, जर्सी और टैगलाइन आदि के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु 20 जनवरी को जनपद पौड़ी गढ़वाल पहुंचेंगे और 20 व 21 जनवरी तक जिले के सभी विकासखंडों में प्रचार प्रसार हेतु भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को कोटद्वार से मशाल का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। यह मशाल कोटद्वार से दुगड्डा, लैंसडाउन से होते हुए रात्रि विश्राम के लिए जयहरीखाल पहुंचेगी। अगले दिन 23 जनवरी को जयहरीखाल से गुमखाल, सतपुली, पाटीसैंण, अगरोड़ा से पौड़ी पहुंचेगी, जहां रामलीला मैदान में भव्य पाण्डवाज शो का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि विश्राम खिर्सू में होगा। अगले दिन 24 दिसम्बर को खिर्सू से श्रीनगर के लिए मसाला रैली प्रस्थान करेगी व 25 जनवरी को देहरादून के लिए रवाना होगी।

## एक नजर

### बेस अस्पताल श्रीनगर में गेट पास व्यवस्था शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों पर बेस अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए नये साल के पहले दिन गेट पास की सुविधा का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा मरीजों के तीमारदारों के साथ ही अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के लिए भी सुविधाजनक रहेगी। गेट पास की सुविधा मिलने से अस्पताल में बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पायेगा। मरीजों को गेट पास भर्ती पंजीकरण के दौरान भर्ती काउंटर से दिये जायेंगे। (एजेंसी)

### जांच में नामाकंन पत्र मिले वैध

श्रीनगर गढ़वालः चार वार्डों वाली कीर्तिनगर नगर पंचायत के अध्यक्ष और सभासद पद के लिए हुए सभी नामांकन सही पाए गए। बुधवार को अध्यक्ष पद की रिटर्निंग अधिकारी खंड विकास अधिकारी सुमनलता ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। जांच में सभी के प्रपत्र सही पाए गए हैं। इसके बाद प्रत्याशियों ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। हालांकि अभी उन्हें चुनाव चिह्न आवंटन के लिए तीन जनवरी का इंतजार रहेगा। सभासद पद के रिटर्निंग अधिकारी विवेक गुप्ता ने बताया कि चार वार्डों के लिए 15 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन करवाया था। इसमें सभी के नामांकन वैध पाए गए हैं। बताया कि दो जनवरी को नाम वापसी की तिथि है, जबकि 3 जनवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। (एजेंसी)

### प्रो. राकेश नेगी बनें चौरास परिसर के निदेशक

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के चौरास परिसर के निदेशक की जिम्मेदारी बुधवार को रूरल टेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश सिंह नेगी को सौंपी गई।

गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोडी ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 31 दिसंबर को चौरास परिसर के निदेशक का जिम्मा देख रहे वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. सीएम शर्मा सेवानिवृत्त हो गये हैं। बताया कि प्रो. शर्मा ने 11 फरवरी 2022 से अब तक चौरास परिसर के निदेशक का कार्यभार संभाला था। उनके सेवानिवृत्त होने के उपरांत प्रो. आरएस नेगी को चौरास परिसर का निदेशक नियुक्त किया गया है। (एजेंसी)

### नाम वापसी पर टिका टिहरी पालिका का चुनावी गणित

नई टिहरी। निकाय चुनाव का बिगुल बजने के व नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद चुनाव प्रचार में अभी भी तेजी नहीं आई है। गुरुवार को नाम वापसी की प्रक्रिया निपटने के बाद जहां चुनाव मैदान में डटे रहने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ होगी, वहीं चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे। फिलहाल वही प्रत्याशी डोर टू डोर के साथ मुख्य चौराहों पर प्रचार करते नजर आ रहे हैं। जो चुनाव मैदान में पूरी तरह डटे रहने का मन बना चुके हैं। नई टिहरी नगर पालिका की अध्यक्ष पद की सामान्य सीट पर फिलहाल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन करवाये हैं। इनमें भाजपा–कांग्रेस के प्रत्याशी के अलावा सभी निर्दलीय हैं। जिससे स्पष्ट है कि इस बार अन्य राजनैतिक दल का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं होगा। नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की की स्थिति साफ होगी।

भाजपा–कांग्रेस के दो–दो बागियों ने नामांकन करवाया हुआ है। गुरुवार को बागियों को मनाने की भाजपा–कांग्रेस की करसत का भी पता चला जायेगा कि वह बागियों को मनाने में कितने सफल रहे हैं। असफल रहने पर बागी चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने का काम करेंगे। बागियों के मैदान में रहने से निर्दलीय प्रत्याशियों को जहां लाभ मिलेगा, वहीं राष्ट्रीय दलों में गुटबाजी का माहौल भी देखने को मिलेगा।

### निकाय चुनाव के लिए बने 5 जोन और 12 सेक्टर

रुद्रप्रयाग। जनपद में निकाय चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से लगातार तैयारियां की जा रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों को पारदर्शिता और सफलता पूर्वक प्रक्रिया संपंन कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निकाय निर्वाचन चुनाव में तैनात किए जाने वाले कार्मिकों को प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए तैनात जोनल, सेक्टर, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में प्रथम रैंडमाईजेशन किया गया। नगर निकाय चुनाव के लिए 05 जोन तथा 12 सेक्टर बनाए गए हैं।

## स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील

श्रीनगर गढ़वाल : बेस अस्पताल में नये साल 2025 का स्वागत जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता अभियान के साथ किया गया। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सतीश कुमार एवं काउंसलर एवं प्रेस नोडल मनमोहन सिंह ने नये साल के अवसर पर रक्तदान कर स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान की शुरुआत की। कहा कि हर दिन ना कोई कर्मचारी, स्थानीय लोग स्वैच्छिक रक्तदान के तहत बेस अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान कर सकते हैं। जिससे आपका रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में काम आ सके। बेस अस्पताल के ब्लड बैंक सेंटर स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता अभियान के अवसर पर अस्पताल के एमएस डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि ब्लड बैंक में रक्तदान से ही बैंक की उपलब्धता हो पायेगी। इसलिए सभी को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक होकर जरूरतमंद लोगों की सहायता में रक्तदान में आगे आना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि नये साल के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के लिए संस्थान कर्मियों द्वारा खुद आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना बहुत अच्छी पहल है। इसमें अस्पताल के अन्य डॉक्टर व कर्मी भी ब्लड बैंक पहुंचकर जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर सकते हैं। (एजेंसी)

## सहायक कृषि अधिकारी पटवाल को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सहायक कृषि अधिकारी धुमाकोट विनोद पटवाल अपनी 38 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। धुमाकोट स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक लैंसडौन दिलीप रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार, बीरेंद्र पटवाल, रवींद्र पटवाल, अर्जुन पटवाल, कुलदीप सिंह, रघुबीर बिष्ट, मधु बिष्ट, सत्यपाल सिंह रावत, गबरसिंह बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, श्याम सुंद्रियाल, मनीष सुंद्रियाल, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, धुमाकोट क्षेत्र के तहत कार्यरत सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम कसाना सहित निकट क्षेत्र के गांवों के ग्रामीण आदि शामिल रहे।

## टिहरी में लोगों ने देवी–देवताओं का आशीर्वाद लिया

नई टिहरी। नववर्ष के पहले दिन स्थानीय लोगों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से आए पर्यटकों ने मंदिरों में मत्था टेक कर आशीर्वाद मांगा। सिद्धपीठ सुरकंडा देवी, चंद्रबदनी, कुंजापुरी, घंटाकर्ण मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, सेम–मुखेम मंदिरों में सुबह से दर्शन की भीड़ रही। इसके अलावा टिहरी झील, धनोल्टी, काणाताल में भी पर्यटकों ने नए साल का जश्न मनाया। नए साल के पहले दिन बुधवार को लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा–अर्चना कर नए साल के लक्ष्य निर्धारित किए। उन्होंने शिव और देवी मंदिरों में जाकर मनोकामनाएं मांगी। सुबह से ही सुरकंडा देवी मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हुई तो देर शाम तक जारी रही। सुरकंडा रोपवे सेवा के समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने बताया कि सुहाने मौसम में लोगों ने रोपवे से मां सुरकंडा देवी तक मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। टिहरी बांध की झील में भी पर्यटकों का तांता लगा रहा। साल के पहले दिन 400 से अधिक लोगों ने झील में विभिन्न बोटिंग गतिविधियों का लुत्फ उठाया। घंटाकर्ण मंदिर क्वीली डांडा में भी नए साल पर भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमडी। भक्तों ने मंदिर मे पहुंचकर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी हर्षमणि बिजल्वाण, दर्शन लाल बिजल्वाण, बीरेंद्र बिजल्वाण ने घंटाकर्ण की पूजा अर्चना कराकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। देवता के दर्शन करने के लिए लाइन लगाकर अपनी लोग बारी का इंतजार करते रहे। ढोल दमाऊकी थाप पर कई लोगों पर देवता भी अवतरित हुए। इसके अलावा धनोल्टी के इको पार्क, काणताल जंगल सफारी, चंबा, नई टिहरी, डोबरा–चांठी में भी पर्यटकों की भीड़ लगी रही।

## देवप्रयाग में श्रद्धालुओं ने की श्रीरघुनाथ की पूजा

नई टिहरी। नववर्ष के अवसर पर तीर्थवासियों ने पौष माह की भगवान श्री रघुनाथ की महापूजा में भाग लेकर सुख समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बुधवार को नये वर्ष की शुरुआत पर बदरीनाथ धाम तीर्थपुरोहित समाज ने विश्व सहित देश प्रदेश में सुख शांति के लिए महापूजा में भगवान की स्तुतियों का गायन किया। कड़ाके की ठंड व कोहरे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री रघुनाथ मन्दिर में पहुंचे। भारी भीड़ के चलते काफी लोगों ने खुले प्रांगण में ही महापूजा का गायन किया। तीर्थ पुरोहित समाज सैकडो वर्षों से भगवान रघुनाथ को समर्पित महापूजा पूरे पौष माह में करता आया है। महापूजा में भगवान् श्रीराम की बाल लीलाओं सहित उनकी महिमा के लयबद्ध भजनों का भावमय गायन होता है।

## जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : डीएम

### डीएम ने डूंगरी गांव में जरूरतमंदों को कंबल, आर्थिक सहायता वितरित की



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने तहसील पौड़ी के डूंगरी गावं पंहुचकर जरुतमंदों को कम्बल, मिष्ठान वितरित कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए निस्ताण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।मंगलवार देर सांय जिलाधिकारी ने डूंगरी गांव पहुंचकर गांव में निवासरत जरूरतमंदों व्यक्तियों को शीतलहर से बचने के लिए कम्बल, मिष्ठान व आर्थिक सहायता उपलब्ध कर-ाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण कस्बों व शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर अलाव जलाकर असहाय/निराश्रित राहगीरों को सर्दी से बचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था के साथ ही कंबल वितरण की कार्यवाही गतिमान है। इस दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को गांव में पेयजल आपूर्ति में समस्या, स्कूल के पास गुजर रही विद्युत लाइन के पास पेड़ों की लापिंग, गांव की सड़क पर पुलिया निर्माण और स्कूल मार्ग के क्षतिग्रस्त पुस्ता के पुनर्निर्माण से संबंधित अपनी मांगों से अवगत कराया। जिलाधिकारी डॉ. चौहान ने राजस्व कानूनगो को निर्देशित किया कि इन सभी समस्याओं की तत्काल जांच कर समाधान हेतु प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को प्रेषित करें। इस मौके पर राजस्व कानूनगो संजय नेगी, पटवारी भुवनेश पुंडीर, उप प्रधान सुमन देवी, पूर्व प्रधान सहदेव सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना, आशा कार्यकत्री सीमा देवी, ग्रामीण महिला मगनी देवी, साबित्री देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कबड्डी व खो-खो में युवा मंडल कुंडोली ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**



पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी द्वारा विकासखंड एकेश्वर के अटल उत्कृष्ट राजकीय ईंटर कॉलेज श्रीकोटखाल के खेल मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में युवा मण्डल कुंडोली विजेता तथा युवा मण्डल ज्वाल्पा उपविजेता रहा। महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में युवा मण्डल कुंडोली ने युवा मण्डल एकेश्वर को हराकर जीत अपने नाम की। विजेता टीमों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कोटा सीमा संजवाण ने युवाओं को खेल के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि आज भी भारत गांव में बसता है, क्योंकि गांव में छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए इस प्रकार की खेल गतिविधियों को निरन्तर बनाए रखना भारत सरकार का उद्देश्य है। ग्रामीण युवाओं के उत्थान के लिए किए गये प्रयास राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। दौड़ प्रतियोगिता महिला वर्ग में सलोनी प्रथम, द्वितीय नेहा तथा तृतीय स्थान पर शिल्पी रही, पुरूष वर्ग में प्रथम निखिल असवाल, द्वितीय दिव्यांशु तथा तृतीय स्थान पर समीर रहे। लम्बीकूद प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम अरमान, द्वितीय निखिल असवाल तथा तृतीय स्थान दिव्यांशु रावत ने प्राप्त किया। लम्बीकूद प्रतियोगिता महिला वर्ग में प्रथम किरन, द्वितीय नेहा तथा तृतीय स्थान साक्षी ने प्राप्त किया। खो-खो एवं कबड्डी की विजेता टीम को खेल सामग्री की किट दी गई। निर्णायक की भूमिका में खेल अध्यापक राजकीय ईंटर कॉलेज श्रीकोटखाल के विवेक प्रधान रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवी ममता नेगी ने किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज श्रीकोटखाल के प्रधानाचार्य संजय रावत, जिला पंचायत सदस्य चहधार आरती नेगी एवं राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवी नीलम आदि उपस्थित रहे।

### जूहा शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने बलबीर और चंडीप्रसाद मंत्री

नई टिहरी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की ओर से आयोजित सम्मेलन और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी में बुधवार को वर्तमान ब्लॉक कार्यकारिणी को ही तीन वर्षों के लिए निर्विरोध चुना गया। संघ ने उत्तराखण्ड स्तर पर कबड्डी में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ी वंशिका और प्रिया को सम्मानित किया। बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जूहा प्रदेश संगठन अध्यक्ष विनोद थापा ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। उनसे शिक्षा के उन्नयन में निरन्तर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने देवप्रयाग संघ की ओर से शिक्षकों के हित में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। नई ब्लॉक कार्यकारिणी में बलबीर लाल अध्यक्ष, चंडीप्रसाद बडोनी मंत्री, राजेंद्र कठैत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोविंदस्वरूप भट्ट कोषाध्यक्ष, अरुण असवाल वरिष्ठ संयुक्त मंत्री चुने गए।

## नए साल पर ली अपनी पैतृक जमीन न बेचने की शपथ

नई टिहरी। सरकार के भू–कानून लागू करने से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पैतृक जमीन को लेकर लोगों में चेतना जागने लगी है। अब चंबा ब्लॉक के सिलोगी गांव के ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए बाहर लोगों को जमीन न बेचने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि पुश्तैनी जमीन सिर्फ जमीन नहीं बल्कि उनकी पहचान है। नए साल के पहले दिन बुधवार को बैठक करते हुए सिलोगी के ग्रामीणों ने पुश्तैनी जमीन बचाने के मुद्दे को लेकर चर्चा की। जिसमें ग्रामीणों ने चिंता प्रकट कर कहा कि गांव में बाहर से भू–माफिया पहुंच रहे हैं। उनकी गिद्ध दृष्टि गांव की जमीन पर लगी है। कुछ लोग जागरूकता के अभाव में बाहरी लोगों को औने–पौने दाम और लालच में अपनी जमीन बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि आजकल गांव के आसपास बाहरी लोग कुछ ज्यादा ही दिखाई दे रहे हैं, जो सड़क के नजदीक की जमीन का सौदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिचौलिया ही ऐसे लोगों को पनाह दे रहे हैं। इसलिए जो जमीन का सौदा करवा रहे हैं उनके खिलाफ भी खड़ा होना चाहिए।बैठक में गांव की बुजुर्गों ने कहा कि नई पीढ़ी के भविष्य के लिए हमें अपनी पुस्तैनी जमीन को बचाकर रखना होगा। कहा कि जमीन हमारी साख, पहचान और हैसियत भी है, इसलिए इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। ग्राम प्रशासक वंदना देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने शपथ ली कि वे बाहरी लोगों को अपनी जमीन नहीं बचेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि वे बाहरी लोगों को न तो अपनी जमीन बेचेंगे और न बिकने देंगे। बैठक में पूर्व प्रधान सतपाल गुसाईं,अवतार सिंह,अलेल सिंह,नरेंद्र सिंह, सागर सिंह, भगवान सिंह, हरपाल सिंह, सीता देवी,सोना देवी, उमा देवी, दीपक गुसाईं, सुशीला देवी मौजूद थे।

## रासौ और तांदी नृत्य कर नये साल का स्वागत किया



नई टिहरी। जनपद के जौनपुर ब्लाक के थत्यूड़ के ढाणा बाजार में बुधवार को स्थानीय लोगों ने नये साल का स्वागत रासौ और तांदी नृत्य के साथ किया। नये साल के आगमन पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। हर वर्ष की भांति इस साल भी थत्यूड़ के ढाणा बाजार में नये साल का स्वागत युवाओं व स्थानीय लोगों पूरे हर्षोल्लास के साथ किया।

युवाओं ने मंगलवार देर रात तक नये साल के आगमन पर जश्न मनाते हुए ढोल–दमाउ की थाप पर जमकर तांदी व रासौ नृत्य किया। इस दौरान ढाणा बाजार में उत्सव का माहौल रहा। इस मौके पर लोगों ने नये साल में बेहतर कामों को करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर व्यापारी राम सिंह भंडारी, दिनेश रावत, वीरेंद्र थापा, विनोद रांगड़, संदीप कुमार, रविंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र पडियार, आरएम निराला, मनवीर नेगी, संदीप बंगारी, पंकज मल्ल, जयपाल, सुरेंद्र सिंह पंवार, रविंद्र कोठारी आदि मौजूद रहे।

## नए साल पर नृसिंह मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : नए साल के पहले दिन, बुधवार को ज्योर्तिमठ (जोशीमठ) स्थित भगवान नृसिंह मंदिर और शंकराचार्य गद्दी स्थल दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस साल शीतकालीन यात्रा प्रारंभ होने के बाद से करीब छह हजार श्रद्धालु नृसिंह मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शीतकालीन यात्रा को लेकर देशभर के लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। इस कारण सभी जगह शीतकालीन गद्दी स्थलों पर अच्छी खासी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो। ज्योर्तिमठ स्थित नृसिंह मंदिर, वासुदेव मंदिर, दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खास आस्था के केंद्र रहते हैं। साथ ही शंकराचार्य की शीतकालीन गद्दी भी यहीं पर स्थित है। इसलिए बुधवार को नए साल के पहले दिन साढ़े तीन सौ अधिक श्रद्धालुओं यहां पहुंच, नृसिंह भगवान मंदिर में दर्शन किए। बीकेटीसी के प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट ने बताया कि अब तक करीब छह हजार श्रद्धालु नृसिंह मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। बीते दिनों औली में बर्फवारी के बाद, पर्यटकों की भीड़ बढ़ी है। इसलिए औली आने वाले पर्यटक भी नृसिंह मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ लोग पांडुकेश्वर में स्थित योग ध्यान बद्री के दर्शन करने भी पहुंच रहे हैं। इस तरह शीतकाल में लोग पर्यटन स्थलों के नजारे लेने के साथ ही बिना किसी भीड़ भाड़ के धार्मिक महत्व के मंदिरों के भी दर्शन कर रहे हैं। कुलदीप भट्ट ने बताया कि इस साल पहली बार शीतकालीन यात्रा संचालित हो रही है, इस कारण आने वाले वर्षों में शीतकाल के दौरान भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या गद्दी स्थलों पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए रहने खाने की पर्याप्त व्यवस्था है, कहीं भी किसी को कोई परेशानी नहीं है।

## नगर निकायों में अध्यक्ष के पद के 2 और सदस्य पदों के 4 नामांकन निरस्त

### 2 जनवरी तक नाम वापसी और 3 जनवरी को आवंटित होंगे प्रतीक चिन्ह

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : चमोली में निकाय चुनाव में अध्यक्ष एवं सभासद पदों पर निर्वाचन लड़ने के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है। जिले में नगर पालिका व नगर पंचायत के 10 अध्यक्ष पदों के लिए कुल 51 और सभासद के 64 पदों के लिए 157 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। जांच में अध्यक्ष पद के लिए दाखिल 02 नामांकन पत्र और सदस्य के 04 नामांकन पत्र निरस्त किए गए।

नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग और नगर पंचायत नंदप्रयाग में अध्यक्ष पद के एक-एक आवेदन निरस्त किए गए। जबकि नगर पालिका परिषद जोशीमठ, नगर पंचायत गैरसैंण, नगर पंचायत पीपलकोटी तथा नगर पंचायत नंदानगर में एक-एक सदस्य का नामांकन पत्र जांच में निरस्त किया गया। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड-2 में केवल एक ही सदस्य का नामांकन वैध पाया गया है। नगर निकाय निर्वाचन के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद अब 02 जनवरी तक नाम वापसी की जा सकती है। इसके बाद 03 जनवरी को अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। निकाय चुनाव के लिए 23 जनवरी को मतदान और 25 जनवरी को मतगणना होगी। चमोली जनपद की सभी 10 निकाय क्षेत्रों में 26111 महिला, 28063 पुरुष और 03 अन्य मतदाता सहित कुल 54177 मतदाता पंजीकृत है। सबसे अधिक 13162 मतदाता नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में पंजीकृत है। इसमें 6491 महिला, 6668 पुरुष व 03 अन्य मतदाता शामिल है। जबकि सबसे कम 1395 मतदाता नगर पंचायत नंदानगर में पंजीकृत है। इसमें 653 महिला और 742 पुरुष मतदाता शामिल है। निकाय चुनाव के लिए जनपद की सभी निकाय क्षेत्रों कुल 80 पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। इसमें 26 पोलिंग बूथ संवेदनशील एवं 07 पोलिंग बूथ अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।

## पुनाड़ में नए साल पर महिलाओं ने गाए गीत



रुद्रप्रयाग। नए साल 2025 के आगमन पर मुख्यालय से लगे पुनाड़ गांव में बर्सू पुनाड़ विकास समिति से जुड़ी महिलाओं ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। देर रात तक कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने अंत में केक काटकर एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं दी। पुनाड़ गांव में समिति की अध्यक्ष आशा सेमवाल के नेतृत्व में गांव की सभी महिलाएं एकत्र हुई और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। शुरूआत में महिलाओं ने स्थानीय देवी–देवताओं के भजनों की प्रस्तुति दी जबकि इसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने लोक गीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर अपने हुनर का प्रदर्शन भी किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com